मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-390
05/08/2020

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

➢ मुख्यमंत्री ने दरभंगा के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मखनाही में स्थापित आपदा राहत शिविर एवं सामुदायिक किचन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

- मुख्यमंत्री ने आपदा राहत शिविर में रह रहे लोगों से बातचीत कर वहां उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।
- रसोईघर, चिकित्सकीय सुविधाओं, आवासित कमरों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा।
- भोजन की गुणवत्ता का भी मुख्यमंत्री ने लिया जायजा। बच्चों के बीच मुख्यमंत्री ने बिस्कुट वितरित किये।
- शिविर में रह रहे लोगों को अच्छे भोजन एवं आवासन सुविधा दी गई है, मुख्यमंत्री ने प्रति दिन शिविर में रह रहे लोगों को काढ़ा भी उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।
- केंद्र पर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि यहां रह रहे सभी परिवारों के खाते में 6 हजार रूपये की दर से जी0आर0 (ग्रैचुट्स रिलीफ) की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से अंतरित कर दी गई है। इस केंद्र पर 15 परिवार आवासित हैं और 709 लोग प्रतिदिन भोजन कर रहे हैं। टेक होम के माध्यम से अन्य प्रभावित लोगों को भी भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।
- शिविर में रह रहे सभी लोगों का टेस्ट जरुर कराएं, लोगों की अच्छी तरह से देखभाल भी करें।
- न्यू बस स्टैंड रोड, दिल्ली मोड़, दरभंगा के पास मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन भवन के कार्य में लगे लोगों को कहा कि मॉस्क जरुर पहनें। मुख्यमंत्री ने निःशुल्क मास्क का वितरण भी कराया।
- काम करते वक्त भी लोग मॉस्क का जरुर प्रयोग करें, इससे वो खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकेंगे।
- दरभंगा एयरपोर्ट की चाहारदीवारी को ऊंचा किया जाय। यह एयरपोर्ट की सुरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

पटना, 05 अगस्त 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पुहिया, राजघाट ब्रिज, कोल्हुआघाट ब्रिज, कंकरघाट ब्रिज, बुनियादपुर, मझरिया, बरियाहीघाट ब्रिज, हथौरी ब्रिज, बरछिया, हायाघाट, एकमीघाट तथा बिरनी में तटबंधों का हवाई सर्वेक्षण किया। लगभग डेढ़ घंटे के हवाई सर्वेक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री दरभंगा हवाइ अड्डे पर उतरे और सीधे उच्चत्तर

माध्यमिक विद्यालय मखनाही में स्थापित बाढ़ राहत शिविर एवं सामुदायिक किचन के निरीक्षण के लिये चल पड़े। मुख्यमंत्री ने आपदा राहत शिविर में रह रहे लोगों से बातचीत कर वहां उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। रसोईघर, चिकित्सकीय सुविधाओं, आवासित कमरों का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। भोजन की गुणवत्ता का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के बीच बिस्कुट भी वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिविर में रह रहे लोगों को अच्छे भोजन एवं आवासन की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रति दिन शिविर में रह रहे लोगों को काढ़ा भी उपलब्ध कराया जाय। केंद्र पर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दरभंगा, ने बताया कि यहां रह रहे सभी परिवारों के खाते में 6 हजार रूपये की दर से जी0आर0 (ग्रैचुट्स रिलीफ) की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से अंतरित कर दी गई है। इस केंद्र पर 15 परिवार आवासित हैं और 709 लोग प्रतिदिन भोजन कर रहे हैं। टेक होम के माध्यम से अन्य प्रभावित लोगों को भी भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शिविर में रह रहे सभी लोगों का एंटीजन टेस्ट और आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट जरुर कराया जाय और लोगों की अच्छी तरह से देखभाल भी की जाय। न्यू बस स्टैंड रोड, दिल्ली मोड़, दरभंगा के पास मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन भवन के कार्य में लगे लोगों को कहा कि मॉस्क जरुर पहनें। मुख्यमंत्री ने यहां निःशुल्क मास्क का वितरण भी कराया। उन्होंने कहा कि काम करते वक्त भी लोग मॉस्क का जरुर प्रयोग करें, इससे वो खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी दरभंगा को दरभंगा एयरपोर्ट की चाहारदीवारी को ऊंचा कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एयरपोर्ट की सुरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

शिविर के निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, विधायक श्री संजय सर्राफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग सह स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, दरभंगा के प्रमंडलीय आयुक्त श्री मयंक बड़बड़े, दरभंगा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री अजिताभ कुमार, जिलाधिकारी श्री त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री बाबू राम सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

दरभंगा में बाढ़ राहत शिविर के निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने चम्पारण तटबंध एवं गोपालगंज जिले के विभिन्न तटबंधों का लगभग एक घंटे हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हवाई सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार भी थे।

******